डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन शनिवार 28 मार्च 2026 | वर्ष-04 अंक-231 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों से देश में नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम-मुख्यमंत्री

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने खाड़ी युद्ध के बीच उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है। पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती स्वागत योग्य कदम है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। भारतीय बाजार में तेल की उपलब्धता पर्याप्त रहेगी, उपभोक्ताओं पर भी तेल कीमतों का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और देश की तेल रिफायनरियां अपना काम सरलता से करती रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी के बीच रामनवमी के दिन इस जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

## एस-400 मिसाइल प्रणाली सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढाने तथा उनके आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी है जिनमें वायु सेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली, मानव रहित मारक विमान तथा सुखोई-30 लड़ाकू विमानों के एयरो इंजन एग्रीगेटर के रखखाव के प्रस्ताव प्रमुख हैं।

## अयोध्या में राम जन्मोत्सव की अभूतपूर्व धूम, सूर्य तिलक के साथ रामलला का दिव्य अभिषेक, उमड़ा आस्था का जनसैलाब


**अयोध्या। धर्म नगरी अयोध्या आज त्रेतायुग के वैभव और आधुनिक विज्ञान के अनूठे संगम की साक्षी बनी। राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर में आस्था, उल्लास और भक्ति का ऐसा ज्वार उमड़ा कि पूरी अयोध्या जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। आज के उत्सव का सबसे मुख्य आकर्षण दोपहर ठीक 12 बजे हुआ सूर्य तिलक रहा, जिसने करोड़ों राम भक्तों को भावविभोर कर दिया।**

**विज्ञान और आध्यात्म का संगम-रामलला का सूर्य तिलक**

अभिजीय मुहूर्त में जैसे ही घड़ी की सुइयों ने 12 बजाए, सूर्य की रश्मियों ने नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर सीधे रामलला के मस्तक का अभिषेक किया। लगभग 4 से 9 मिनट तक चली इस खगोलीय और आध्यात्मिक घटना को देखने के लिए लाखों आंखें टकटकी लगाए रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अलौकिक दृश्य का लाइव अवलोकन किया और समस्त देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित की।

**स्वर्ण जड़ित पीतांबर और 56 भोग का अर्पण**

उत्सव की शुरुआत ब्रह्म मुहूर्त में रामलला के विशेष पूजन से हुई। प्रभु को दूध, दही, शहद और गंगाजल के पंचामृत से दिव्य स्नान कराया गया। इसके पश्चात उन्हें



विशेष रूप से तैयार स्वर्ण जड़ित पीतांबर वस्त्र और बहुमूल्य रत्नों से सुसज्जित आभूषण धारण कराए गए। भगवान को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का 56 भोग अर्पित किया गया, जिसका प्रसाद बाद में श्रद्धालुओं में वितरित किया जा रहा है।

**10 लाख श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड आगमन, सुरक्षा के कड़े प्रबंध**

प्रशासनिक अनुमान के अनुसार, आज अयोध्या में लगभग 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं-

- **सुरक्षा घेरा**-पूरी अयोध्या को रेड और येलो जोन में बांटकर ATS कमांडो और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।
- **ड्रोन निगरानी**-चप्पे-चप्पे पर 500 से अधिक CCTV कैमरों और ड्रोन के जरिए नजर रखी जा रही है।
- जल पुलिस की सक्रियता-सरयू नदी के घाटों पर स्नान के दौरान सुरक्षा हेतु SDRF और NDRF की टीमें मुस्तैद हैं।

## ये हिन्दुस्तान है, पाकिस्तान नहीं, बंद करें बकवास... लॉकडाउन की बात पर वित्त मंत्री ने सदन में ही लगा दी क्लास

**नई दिल्ली। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा ने भी आज (शुक्रवार, 27 मार्च) को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। लोकसभा इनको पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इसके साथ ही संसद के दोनों सदनों से अब यह विधेयक पारित हो गया।**

राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। वित्त मंत्री ने पाकिस्तान आदि पड़ोसी देशों में पेट्रोल एवं डीजल के बढ़ते दामों का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि कुछ नेता इस बात को लेकर गलतफहमी



फैला रहे हैं कि लॉकडाउन लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है। यह गलतफहमी फैलाना नेताओं को छोड़ना चाहिए। निराधार अफवाहें..जनता के मन में भय फैलाने के लिए कुछ भी कह दो। लॉकडाउन पाकिस्तान में हो रहा है, भारत में नहीं।

**पाकिस्तान में क्या हो रहा है?**

उन्होंने कहा, पाकिस्तान में क्या हो रहा है? हाई-ऑक्टेन ईंधन की कीमतों में 200 प्रति. की बढ़ोतरी की खबर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें रातों-रात लगभग 20 प्रति. बढ़ गई हैं। अब पेट्रोल 321 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। यह रिपोर्ट की गई खबर है, मैं इसे कहीं और से नहीं ले रही हूँ। सिंध प्रांत में ईंधन बचाने के लिए स्मार्ट लॉकडाउन की घोषणा की गई है, जिसमें लोगों की आवाजाही, जमावड़ों और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक लगाई गई है।

## कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल उत्पाद शुल्क कटौती को बताया जनता से वसूली का खेल

**नई दिल्ली। राज्यसभा में उप नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईंधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है।**

श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रूपए प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रूपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमशः लगभग 32.98 रूपए और 31.83 रुपए प्रति लीटर हो गई है। उन्होंने इसे जनता पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताते हुए कहा कि सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया




कि अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अंत में उन्होंने तंज कसते हुए कहा, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

## पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती

**नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है।**

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने आज जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है।

## भ्रष्ट उप निरीक्षक ने लगाया खाकी पर दाग

# 7000 की रिश्वत लेते लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, भ्रष्टाचार निवारण संशोधित अधिनियम के तहत की कार्यवाही

**किशनलाल जांगिड़**

**खरगोन। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के सख्त निर्देश पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई।खरगोन जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त इंदौर की टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की है।**

जानकारी मिली है कि कसरावद थाने में पदस्थ एक कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया है। आरोपी पुलिसकर्मी शिकायत के निराकरण के नाम पर आवेदक से रिश्वत की मांग कर रहा था। लोकायुक्त टीम की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

आवेदक श्यामलाल उपाध्याय 69 वर्षीय किसान ग्राम चंदावड, तहसील भगवानपुरा, जिला खरगोन ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि कसरावद निवासी राजेश बागदरे ने उनके खिलाफ कसरावद थाने में जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की थी। आरोप है कि इस शिकायत का निराकरण करने और मामले में राहत देने के नाम पर कसरावद थाने में पदस्थ कार्यवाहक एएसआई रवीन्द्र कुमार गुरू ने उनसे 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।

श्यामलाल उपाध्याय ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से की। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद 27 मार्च 2026 को लोकायुक्त को ट्रैप दल का गठन किया गया। योजना के अनुसार आवेदक को आरोपी उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार गुरु से मिलने के लिए भेजा गया। जब आरोपी एएसआई रवीन्द्र कुमार गुरू कसरावद बस स्टैंड पर आवेदक से 07 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था, उसी दौरान लोकायुक्त टीम ने अचानक से पहुंचकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि 07 हजार भी बरामद की गई।

लोकायुक्त ने आरोपी उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार गुरु के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस ट्रैप कार्रवाई में कार्यवाहक निरीक्षक सचिन पटेरिया, कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, विवेक मिश्रा सहित आरक्षक विजय कुमार, शिवप्रकाश पाराशर और आशीष नायडू शामिल रहे।

लोकायुक्त संगठन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई अधिकारी या



कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय पता मोती बंगला एम जी रोड इंदौर 452007 दूरभाष 0731-2533160,0731-2430100 को दें, ताकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## सीतामऊ नगर परिषद में जन समस्याओं के समाधान नहीं होने से पार्षद नाराज, सीतामऊ नगर परिषद सभापति पार्षद विवेक सोनगरा ने जनहित में अन्न एवं जल का त्याग कर सीतामऊ SDM कार्यालय में अनशन किया

**सीतामऊ। नगर एवं वार्ड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान करने के लिए सीतामऊ नगर परिषद सभापति विवेक सोनगरा द्वारा SDM कार्यालय सीतामऊ में पूर्व में कई पत्र एवं आवेदन दिए गए थे जो कि विभिन्न जनहित विकास कार्यों, जन समस्याओं के समाधान करने हेतु, प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने सीतामऊ स्छरूएवं संबधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था एवं मौके स्थलों पर निरीक्षण करने हेतु आग्रह किया गया था परंतु उक्त विषय को गम्भीरता पूर्वक आज तक नहीं लिया गया था।**



उक्त जनहित एवं जनसमस्याओं के समय पर समाधान नहीं होने से सीतामऊ नगर परिषद सभापति वार्ड 06 पार्षद विवेक सोनगरा ने प्रातः अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सीतामऊ पहुंच पत्र प्रेषित कर जनहित विकास कार्यों एवं विभिन्न विषयों को लेकर प्रातः से ही अन्न एवं जल त्याग किया एवं प्रण लिया कि जब तक सीतामऊ अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी स्छरू एवं प्रशासनिक अधिकारियों मौके स्थल पर चल कर अवलोकन करेंगे एवं जनहित कार्यों को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे एवं जनहित में समाधान की कार्यवाही प्रारंभ करेंगे तभी अनशन समाप्त करेंगे, तत्पश्चात प्रशासनिक टीम सभापति विवेक सोनगरा के साथ, नगर के मौके स्थलों वार्ड 06 के तालाब चौक, वाल्मीकि बस्ती, सदर बाजार, कालका माताजी दरवाजा, क्यामपुर रोड वाल्मीकि बस्ती क्षेत्र में, संत रविदास मोहल्ला, कालका माताजी दरवाजा, क्षेत्रों में सीतामऊ अनुविभागीय अधिकारी शिवानी गर्ग, नायब तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जीवन रॉय माथुर के द्वारा अवलोकन कर निरीक्षण किया, एवं स्छरू शिवानी गर्ग द्वारा सीतामऊ नगर परिषद् सीएमओ एवं उपयंत्री दलजीत सिंह संबधित विभागीय कर्मचारियों को मौके स्थल पर वार्ड क्रमांक 06 के जनहित विभिन्न कार्यों पुराना भवन डिस्मेंटल करने, सामुदायिक भवन सौंदर्यकरण करने, स्वच्छता, जन सुरक्षा हेतु वाल्मीकि बस्ती के कुआं के ढकाव, नवीन आंगनवाड़ी भवन बनाने हेतु शासकीय भूमि चिन्हित करने, महापुरुषों की प्रतिमा परिषद द्वारा तय उचित स्थानों पर लगाने, मोड़ी माताजी दरवाजा चौराहे समीप पुराने शासकीय श्रतिग्रस्त भवन डिस्मेंटल करने, एवं उपयंत्री दलजीत सिंह के कर्तव्य कार्यो लापरवाही पत्र संदर्भ को लेकर संबंधित नगरीय निकाय विभाग को पत्र प्रेषित कर आवश्यक प्रभावी नियमानुसार कार्यवाही करने, विभिन्न जनहित कार्यों को तय समय सीमा अवधि में करने के आवश्यक सख्त दिशा निर्देश दिए एवं उक्त कार्यवाही से अतिशीघ्र अवगत कराने हेतु कर्मचारियों को कहा, निरीक्षण के दौरान सीएमओ जीवनरॉय माथुर एवं उपयंत्री दलजीत सिंह जनसमस्याओं को डायरी में नोट करते हुवे रहे,सीतामऊ कस्बा पटवारी विकास राठौर को कॉल पर दिशा निर्देश दिए, इस अवसर पर सीतामऊ नगर परिषद प्रशासन अमला प्रदीप राठौर, महेश बैरागी, वार्ड क्रमांक 06 एवं नगर क्षेत्र के सीताराम कल्याणे, अजय कल्याणे, नागरिकगण, वरिष्ठजन, युवा वार्डवासी उपस्थित रहे, निरीक्षण के दौरान सीतामऊ स्छरू शिवानी गर्ग द्वारा कहा कि सभापति विवेक सोनगरा द्वारा जनहित पत्रों विषयों के संदर्भ में विभिन्न विषयों को मौके स्थल पर सही बताया जनहित में सहयोग करने एवं जनहित में आवश्यक कार्यवाही जन समस्याओं के अतिशीघ्र करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए, अनुविभागीय कार्यालय सीतामऊ में प्रशासनिक अधिकारियों एसडीएम शिवानी गर्ग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जीवनराय माथुर के द्वारा मौखिक आश्वासन एवं प्रभावी कार्यवाही का भरोसा देकर जल पिलाकर विवेक सोनगरा का अनशन समाप्त किया गया, साय समय सभापति विवेक सोनगरा को घबराहट एवं स्वास्थ्य अस्थिर होने पर सीतामऊ शासकीय सामुदायिक केंद्र पहुंच कर डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ वीके सुरा एवं डॉक्टर से परामर्श जांच कराई गई आवश्यक स्वास्थ्य लाभ उपचार लिया, सभापति एवं वार्ड पार्षद विवेक सोनगरा की जनहित कार्यों जनसमस्याओं के अतिशीघ्र समाधान के प्रति निरंतर जनहित में सक्रियता नगर एवं वार्ड क्षेत्रों में जन चर्चा का विषय बना, विवेक सोनगरा ने बताया कि उपयंत्री दलजीत सिंह की विगत कई वर्षों की जनहित विकास कार्यों के प्रति लापरवाही से नगर के विकास कार्यो नकारात्मक प्रभाव पड़ा है जिसका खामियाजा वर्तमान परिषद द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्य प्रक्रियाओं में ही नहीं आ पाए है उपयंत्री को अतिशीघ्र पद दायित्व से मुक्त कर अन्य इंजीनियर को नगर परिषद कार्यालय में पदस्थ करने की जनहित में अत्यंत ही आवश्यकता है।

## लोकायुक्त प्रकरण में कलेक्टर के सख्त निर्देश, त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश




**(संजय जैन सह संपादक)**

**झाबुआ।** लोकायुक्त इंदौर इकाई द्वारा जिला झाबुआ में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आरजीएसए) यश पंवार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जाने के पश्चात कलेक्टर नेहा मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान को निर्देशित किया है कि संबंधित जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आरजीएसए (संविदा कर्मचारी) यश पंवार को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत से हटाकर अन्य कार्यालय में अटैच किया जाए।

इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारी की सेवा समाप्ति (टर्मिनेशन) का प्रस्ताव शीघ्र विभाग को प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भ्रष्टाचार के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# आज से शुरू होगा आईपीएल-सटोरियों ने कर ली अपनी पूरी बिछात, साथ ही क्या पुलिस की भी इन पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है या नहीं....?

## बैंकों को भी होना होगा अलर्ट-सख्त कार्रवाई की जरूरत-सटोरिये खौफ में तो है....

**झाबुआ (संजय जैन-सह संपादक)। पुलिस विभाग का यह प्रथम दायित्व होता है आमजन के जान माल की रक्षा व सुरक्षा करें। शिकायती आवेदन को जांच कर तत्काल कार्यवाही करें तथा अपराधियों पर नकेल कसे। लेकिन झाबुआ जिले में पुलिस विभाग की लचीली कार्यप्रणाली के कारण जिले में अवैध रूप से सट्टा संचालन, शराब विक्रय, मांस मटन विक्रय तथा अनैतिक गतिविधियां भी अपने पैर पसार रही है। पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के कारण आज जिले में जहां अपराधियों में पुलिस का भय होना चाहिए,वहीं आमजन में पुलिस का भय बढ़ता जा रहा है।**















**आज से शुरू होगा आईपीएल-सटोरियों ने कर ली अपनी पूरी बिछात.....**


पूरे जिले में क्रिकेट सट्टे का अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। आज से आईपीएल शुरू होगा-सटोरियों ने कर ली अपनी पूरी बिछात कर ली है। सट्टा किंग भले ही भूमिगत हो गए हों,लेकिन उनके गुर्गे गली-मोहल्ले किराए के फ्लैटों और होटलों से बेखौफ होकर सट्टा खिला रहे हैं। जनता से रिश्ता लगातार पुलिस को इस अवैध गतिविधि के प्रति आगाह करता रहा है,इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में क्रिकेट सट्टा धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। सटोरिए महादेव ऑनलाइन एप के जरिए क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे हैं,जिनका सीधा संपर्क इंटरनेशनल खाईवालों से बताया जा रहा है।

**जिले में अवैध सट्टे का कारोबार......**

जिले में अवैध सट्टे का कारोबार धीरे-धीरे फलता फूलता जा रहा है। झाबुआ जिले के शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब तो सट्टे का कारोबार अपना पैर पसारते हुए नजर आ रहा है। झाबुआ शहर में ही अनेक स्थानों पर सट्टे के कारोबारी आसानी से नजर आते हैं। कई क्षेत्रों में यह सट्टा विगत कई वर्षों से लगातार जारी है। कई समाचार पत्रों में एवं न्यूज पोर्टल पर सट्टे के कारोबार को लेकर लगातार खबरों का प्रकाशन किया गया। इन खबरों में सट्टे के कारोबारियों का नाम, मोबाइल नंबर तक दर्शाया गया था तथा किन-किन ग्रुप के माध्यम से यह व्यापार संचालित होता है.यह भी खुले रूप से खबरों के माध्यम से प्रकाशित किया गया था। संभवतः पुलिस विभाग को इन सट्टा कारोबारियों का कारोबार ही नजर नहीं आ रहा है। शहर के अलावा, जिले के विभिन्न क्षेत्रों व रहवासी क्षेत्रों में यह सट्टे के कारोबारी आसानी से सट्टा,मोबाइल के द्वारा संचालित करते हुए देखे जा सकते हैं तथा कौन-कौन इन सटे के कारोबार में शामिल है....? इसकी जानकारी आमजन को तो है,पर पुलिस को है या नहीं....यह समझ से परे है..?

**बैंको को भी होना होगा अलर्ट........**

आज से आईपीएल होगा शुरू होगा। सटोरिये मोबाइल,लैपटॉप और महादेव एप के जरिए ऑनलाइन करोड़ों रुपये का लेनदेन ट्रांजैक्शन करते है। सटोरिये इंस्टेंट बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं, जो 5 से 10 मिनट में खुल जाते हैं। वेरिफिकेशन से पहले ही इन खातों में लाखों का लेनदेन कर अकाउंट बंद कर दिया जाता है। सट्टे का नेटवर्क अब शहरों तक सीमित नहीं रहा। छोटे कस्बों और गांवों तक खाईवालों के गुर्गे घूम-घूमकर सट्टा खिला रहे हैं। जिले में कई सट्टे के मामले सामने आने के बाद से तो अब बैंको को भी अलर्ट रहने कि आवश्यकता है उन्हें नए खातों के वेरिफिकेशन में 15-20 दिन के लिए का समय लेना चाहिए, ताकि सट्टे से जुड़े लेनदेन पर नजर रखी जा सके।



**दुबई तक जुड़े हैं तार....**

सूत्रों के अनुसार, सट्टेबाजों और खाईवालों के तार मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ दुबई तक जुड़े हैं। किसी भी विवाद या रकम फंसने की स्थिति में खाईवाल अपने गुर्गों के जरिए धमकी देने से भी नहीं चूकते।

**सटोरियों की जानकारी है तो पुलिस को क्यों नहीं......?**

पुलिस कार्रवाई के अभाव में सट्टे के कारोबारी दिन दुगनी रात चौगुनी की तर्ज पर विकास कर रहे हैं । इनमें से कुछ सट्टे कारोबारी तो अपने आप को समाजसेवी के रूप में दर्शाने का प्रयास कर रहे हैं। जहां तक जानकारी का सवाल है शहर के करीब-करीब आमजन से लेकर वार्डवासियों तक को इन सटोरियों की जानकारी है तो पुलिस को क्यों नहीं ....? और यदि पुलिस को जानकारी है तो फिर यह सट्टे कारोबारी खुलेआम शहर में सट्टा लेते हुए क्यों नजर आ रहे हैं....?

**नहीं होता है नकद में लेनदेन......**

भारत में सट्टा और जुआ पूरी तरह से बैन है, लेकिन इसके बाद भी लोग सट्टेबाजी करने या फिर क्रिकेट में सट्टा लगाने से बाज नहीं आते है। सट्टा लगाकर लोग शॉर्टकट के चक्कर में लखपति बनने की फिराक में रहतहै। आज से शुरू होने वाला है जिसमें करोड़ों का सट्टा लगाया भी जायेगा। आपको बता दे कि आईपीएल में सट्टा लाइन पर चलता है। लाइन का नंबर छोटे शहरों में बैठे बुकी के पास होता है। बुकी ही लोगों को सट्टा खिलवाते है। मैच शुरू होने के साथ ही एक-एक गेंद पर भाव तय हो जाता है। मजबूत और कमजोर टीम के हिसाब से भाव तय होता है। इसी भाव के आधार पर ही प्रति ओवर और प्रति बॉल के हिसाब से सट्टा लगाया जाताहै। आईपीएल में सट्टा लगाने पर नकद में लेनदेन नहीं होता है। सारा खेल फोन पर बैठे-बैठे होताहै। मोबाइल वॉलेट और खाते के जरिए पैसे इधर-उधर ट्रांसफर किए जाते है। अगर बिना सरकार की इजाजत के सट्टा खेला जाता है तो आईपीसी 1860 की धारा 294/क के तहत कार्रवाई होती है। केंद्रीय कानून सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 के तहत अगर कोई व्यक्ति सट्टा खेलते हुए पकड़ा जाता है तो पुलिस उसको तुरंत गिरफ्तार कर लेती है। इसके बाद उसको अदालत में पेश किया जाता है और अदालत में सट्टा खेलने के जुर्म में 200 रुपये का जुर्माना या तीन महीने की सजा का प्रावधान है। कई बार सजा और जुर्माना दोनों होते है।

**फल फूल रहा, अवैध शराब का कारोबार...**

झाबुआ शहर के साथ-साथ जिले में भी अवैध रूप से शराब का कारोबार,एफएमसीजी कंपनियों की तरह फैलता जा रहा है,यह माना जा सकता है। अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए, आबकारी विभाग का दायित्व है। लेकिन यह भी सच है कि बिना पुलिस की सहमति से यह अवैध शराब का कारोबार संभव नहीं है। झाबुआ शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब तो किराना की दुकानों पर भी दूध,दही,शक्कर,चाय पत्ती के अलावा शराब भी इन दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हो रही है। जहां तक कार्रवाई का सवाल है,पुलिस विभाग को भी इसकी संपूर्ण जानकारी है व आबकारी विभाग को भी, लेकिन दोनों ही विभाग की गैर जिम्मेदार कार्यप्रणाली के कारण यह व्यापार जिले का सबसे बड़ा व्यापार के रूप में स्थापित हो रहा है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि युवा पीढ़ी इस अवैध शराब के चुंगल में फंस कर अपने भविष्य को बिगड़ रही है,लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंद कर बैठे हैं। नगर सहित जिले भर मे कई ऐसे ढाबे संचालित हो रहे है, जहां पर आसानी से कम से कम ओर महंगी से महंगी शराब आसानी से मिल जाती है। इसी के साथ ही कई ऐसे रहवासी इलाके भी नगर में है,जहां पर अवैध शराब कारोबारी अपना धंधा आसानी से चला रहे है। वही उनके द्वारा खुद यहा तक कहा जाता है कि हमें किसी का डर नहीं है। वही शराब ठेके से कंपनी के गाडियो में खुद शराब को भरकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई किया जा रहा है। थांदला क्षेत्र के बठ्ठा में आज भी लाखों की शराब का परिवहन अवैध रूप से आसानी से किया जा रहा है,लेकिन पुलिस के द्वारा छोटे छोटे केस बनाकर इन पर इतिश्री कर ली जाती है। आखिर इस अवैध परिवहन का सिलसिला कब तक रूकेगा....? इसे बताना मुश्किल है।

### सख्त कार्रवाई की जरूरत-सटोरिये खौफ में तो है.....

**सूत्रों का दावा है कि यदि पुलिस किराए के फ्लैटों और होटलों की गहन जांच करे, तो बड़ी संख्या में सटोरिए गिरफ्त में आ सकते हैं। लगातार फैलते इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए ठोस और सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। इस बार देखा जा रहा है कि पुलिस कप्तान डॉ. शिवदयाल सिंह के रहते सटोरिये पूरी तरह से खौफ में तो है। लेकिन यह खौफ कितना प्रभावी रहेगा....? यह तो आगे आने वाला वक्त ही बताएगा.......?**



पुलिस कप्तान डॉ .शिवदयाल सिंह पुलिस कप्तान, झाबुआ।

## सम्पादकीय

### शौचालय की कमी

अगर शौचालयों की कमी के कारण लड़कियों की पढ़ाई छूट रही है, तो समूचे शिक्षा के परिदृश्य में इससे अफसोसनाक स्थिति और क्या होगी? इसके लिए स्कूलों की देखरेख से संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। भारत में विकास की चमकती तस्वीर के बरक्स शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लड़कियों की पढ़ाई छूट जाना चिंता का विषय है। यह स्वच्छ भारत और स्वच्छ विद्यालय अभियान के लक्ष्य पर भी सवालिया निशान है।

गौरतलब है कि हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी एक रपट में बताया गया है कि पिछले वर्षों के मुकाबले वर्ष 2022-23 में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की सुविधा में गिरावट दर्ज की गई। विद्यालयों में लैंगिक समानता बनाए रखने और लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है।

मगर जमीनी सच्चाई यही है कि कई सरकारी विद्यालयों में शौचालय बदतर स्थिति में हैं। न तो उनकी सफाई होती है और न ही वहां पानी की व्यवस्था होती है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में शीर्ष न्यायालय ने भी केंद्र और सभी राज्यों को स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश देते हुए उनमें पानी और साबुन की व्यवस्था करने की भी हिदायत दी थी। तस्वीर कितनी बदली है, अभी कहा नहीं जा सकता, लेकिन स्थिति की गंभीरता समझी जा सकती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रपट से यह भी साबित हुआ है कि विद्यालयों में शौचालय की खराब हालत के लिए प्रशासन की सुस्ती कम जिम्मेदार नहीं है। हैरत की बात है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान विद्यालयों में महज 0.3 फीसद सुविधा ही बढ़ पाई।

इसमें दोराय नहीं कि गंदा शौचालय और वहां पानी का अभाव लड़कियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। कई विद्यालयों में शौचालय न होने के कारण लड़कियां विद्यालय नहीं जातीं, जिससे उनकी पढ़ाई पर असर पड़ता है। सवाल है कि स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव की समस्या की हकीकत के समांतर स्वच्छ विद्यालय अभियान के लक्ष्य को कितना सार्थक कहा जा सकता है।

## चित्तौड़गढ़ में भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की गरिमामयी बैठक, संगठन विस्तार को मिला नया आयाम, पत्रकार एकजुटता का सशक्त संदेश

**ओम जैन शंभूपुरा**

**चित्तौड़गढ़। भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की एक अत्यंत महत्वपूर्ण, गरिमामयी एवं ऊर्जा से परिपूर्ण बैठक शुक्रवार को शहर स्थित रितुराज वाटिका में प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार जोटा के सानिध्य में संपन्न हुई।**

इस बैठक में चित्तौड़गढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से आए वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिसने संगठन की व्यापक स्वीकार्यता और मजबूती को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

बैठक का मूल उद्देश्य संगठन को और अधिक सुदृढ़, सक्रिय एवं प्रभावी बनाना रहा। इसी दिशा में जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए संगठनात्मक विस्तार के लिए ठोस एवं दूरगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जोटा ने अपने उद्बोधन में संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं पत्रकार हितों की रक्षा हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि,ढ्ढ केवल एक संगठन



नहीं, बल्कि पत्रकारों की आवाज और अधिकारों की रक्षा का मजबूत मंच है।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि बदलते समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से घिरी हुई है, ऐसे में संगठित होकर कार्य करना ही पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का एकमात्र प्रभावी मार्ग है। उन्होंने उपस्थित साथियों से आह्वान किया कि वे संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, नवोदित पत्रकारों को जोड़ने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

बैठक के दौरान संगठन की आगामी योजनाओं, विस्तार रणनीति, सदस्यता अभियान तथा पत्रकार सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा की गई। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) विगत वर्षों से देशभर में पत्रकारों के हितों, सुरक्षा, अधिकारों एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के संरक्षण हेतु समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।

वर्तमान में संगठन 22 राज्यों में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए निरंतर विस्तार की दिशा में अग्रसर है। यह व्यापक विस्तार संगठन की विश्वसनीयता, प्रभावशीलता एवं पत्रकार समाज में बढ़ते विश्वास का प्रतीक है।

## चैत्र नवरात्रि की नवमी पर समापन, भक्ति और हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

**पंकज गोस्वामी**

**राणापुर। सहित पूरे क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुक्रवार को नवमी तिथि के साथ श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना, कन्या पूजन तथा हवन-पूर्णाहुति का आयोजन किया गया।**

शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की कालका माता मंदिर टेकरी चामुंडा माता मंदिर पर भीड़ उमड़ पड़ी। शहर स्थित द्य कालिका माता मंदिर पर भी भक्त पूजन हवन करते रहे भक्तों ने पूजा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर कन्या भोज (कन्या पूजन) का आयोजन हुआ, जहां छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया गया।

नवमी के अवसर पर यज्ञ-हवन कर पूर्णाहुति दी गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच



वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने व्रत और साधना का समापन किया।

इस दौरान राणापुर प्रशासन सतर्क नजर आया। पूरे नौ दिनों तक चली भक्ति, साधना और आस्था का यह पर्व क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देकर संपन्न हुआ। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां आसपास के ग्रामीण लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## बायोलॉजी बोर्ड परीक्षा 2026 के बाद वाराणसी में छात्रों से मिली फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) फैकल्टी आरुषि तुली मैम

**(रविन्द्र गुप्ता)**

**वाराणसी।** परीक्षा के बाद एक सरप्राइज मुलाकात में, फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) की बायोलॉजी फैकल्टी आरुषि तुली मैम ने आज कामाच्छा रोड स्थित सेंट्रल हिंदू बॉयज स्कूल का दौरा किया। यहाँ उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की बायोलॉजी बोर्ड परीक्षा देकर निकले छात्रों से बातचीत की। आरुषि तुली मैम, फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) की बायोलॉजी फैकल्टी, ने कहा, इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा के बाद उनके चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास देखना एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ा इनाम है। उनकी कड़ी मेहनत साफ झलक रही है, और इस पल को उनके साथ मनाने के लिए यहाँ आकर मैं बेहद रोमांचित हूँ। यह दौरा देखते ही देखते एक उत्सव में बदल गया, क्योंकि जैसे ही छात्र परीक्षा हॉल से बाहर निकले, उन्होंने अपनी मेंटर को अपना इंतज़ार करते पाया। इस सरप्राइज मुलाकात का उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना था, जो आरुषि तुली मैम के साथ अपने प्रदर्शन पर चर्चा करने और



अपने अनुभव साझा करने के लिए काफी उत्सुक दिखे। बातचीत के दौरान, कई छात्रों ने बायोलॉजी के पेपर पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि प्रश्न अपेक्षित सिलेबस के भीतर से ही थे। आरुषि तुली मैम ने उनकी प्रतिक्रियाएँ सुनीं और उनकी शैक्षणिक यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा करने पर उन्हें बधाई दी।

## चैत्र नवरात्रि का आज नवमी पर समापन, भक्ति और हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न, कोचरा माताजी मंदिर पर भारी भीड़

**राजेश नाहर 9479973888**

**खेतिया। खेतिया सहित पूरे क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आज नवमी तिथि के साथ श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना, कन्या पूजन तथा हवन-पूर्णाहुति का आयोजन किया गया।**

सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़खेतिया से सटे महाराष्ट्र सीमा में कोचरा माता मंदिर पर भीड़ उमड़ पड़ी। शहर स्थित संतोषी माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर पर भी भक्त पूजन हवन करते रहेभक्तों ने पूजा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर कन्या भोज (कन्या पूजन) का आयोजन हुआ, जहां छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया गया।

नवमी के अवसर पर यज्ञ-हवन कर पूर्णाहुति दी गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने व्रत और साधना का समापन किया।कोचरा माता मंदिर पर भारी भीड़ दिखाई दी,दूर दूर से लोग अपनी मानता मनोती व दर्शन के लिए यहाँ आये यहाँ मेले से वातावरण बना इस दौरान मप्र व महाराष्ट्र का प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सतर्क नजर आया।





पूरे नौ दिनों तक चली भक्ति, साधना और आस्था का यह पर्व क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

# हत्या के प्रयास मामले में पुलिस का सख्त एक्शन, मुख्य आरोपी के बताए अनुसार 5 साथी भी पकड़ाए

## पुलिस ने की खातिरदारी और निकला जुलूस तो लंगड़ाकर चलते रहे थे आरोपी, आरोपी 28 मार्च तक रिमांड पर, फरार तीन आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही पुलिस

**उज्जैन। योगेश भार्गव पर जान लेवा हमला कर हत्या के प्रयास के मामले में नानाखेड़ा पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए मुख्य आरोपी सहित 6 को गिरफ्तार किया है। तीन फरार हैं जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।**

गुरुवार को पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों का जुलूस निकालकर उनकी खातिरदारी करते सारी हेकड़ी निकाल दी। इस दौरान वह लंगड़ाते हुए चलते रहे। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेड़ा पुलिस ने बताया कि 20 मार्च को फरियादी यश पिता योगेश भार्गव (27) निवासी विवि मार्ग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि आशीष सारवान एवं उसके साथियों ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौच कर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। टीआई नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने



तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र एवं संभावित ठिकानों का विश्लेषण करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू करते हुए लगातार दबिश दी। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी कर जानकारी भी जुटाई गई।

**भागने से पहले पकड़ाया सारवान**

एक ओर पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी तभी 25 मार्च को मुखबिर ने पुलिस को बताया कि मुख्य आरोपी आशीष सारवान अपने साथियों के साथ तारामंडल क्षेत्र में खड़ा है एवं कहीं भागने की फिराक में है। तत्काल टीम एक्शन में आई और घेराबंदी कर सारवान को गिरफ्त में ले लिया। पूछताछ के दौरान घटना में शामिल अन्य साथियों के संबंध में जानकारी मिली जिसके आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार दोपहर इनका जुलूस निकाला गया। इस मामले में पुलिस पहले (22 मार्च) को ही महिला आरोपी आकृति सारवान को गिरफ्तार कर चुकी है। वर्तमान में वह जेल में है।

**6 आरोपियों को पकड़ा, 3 फरार की तलाश में जुटी पुलिस**

पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के नाम आशीष उर्फ पिंटू पिता अशोक सारवान निवासी न्यू कॉलोनी, दानीगेट, विजय उर्फ टोनी पिता अशोक कुमार जायसवाल निवासी त्रिवेणी हिल्स, इंदौर रोड, राजा उर्फ राजेश पिता रमेश परमार निवासी एकता नगर, नीलगंगा, राहुल उर्फ अनमोल पिता रामेश्वर बैरागी, निवासी कृष्णा रेसिडेंसी, इंदौर रोड, विजेंद्र उर्फ राजेश पिता भंवरसिंह गंगवाल निवासी संत रविदास नगर, पंकज उर्फ पंकेश पिता शांतिलाल सिलोदिया, निवासी महुखेड़ी, थाना भैरवगढ़ हैं। तीन आरोपी विक्की चौहान, सागर सूर्यवंशी और सौरभ फरार हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**इनका कहना**

**सभी 6 आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया था जहां से 28 मार्च तक रिमांड पर लिया है। उनसे फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में आरोपी बढ़ भी सकते हैं।**

**-नरेंद्र कुमार यादव, टीआई, थाना नानाखेड़ा**

# नर्मदा चतुर्थ चरण परियोजना, इंदौर को मिलेगी अमृत की सौगात, 29 मार्च को दशहरा मैदान पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे 1356 करोड़ की जल परियोजनाओं का भूमिपूजन

(राजेश पिल्लै)

**इंदौर।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जलप्रदाय विभाग प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा ने बताया कि शहर की पेयजल व्यवस्था को आधुनिक और दीर्घकालिक बनाने की दिशा में नर्मदा चतुर्थ चरण के अंतर्गत 1356 करोड़ रुपए के तीन पैकेजो का भूमिपूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों से 29 मार्च रविवार सुबह 10 बजे दशहरा मैदान पर किया जाएगा। साथ ही सिरपुर में 20 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का लोकापर्ण भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगें। कार्यक्रम पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, उषा ठाकुर, मनोज पटेल, सूरज कैरो, गौरव रणदिवे, निशांत खरे जयपालसिंह चावड़ा, गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, सर्वेश तिवारी, मानसिंह यादव की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न होगा। महापौर ने बताया कि यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। यह केवल आधारभूत संरचना का विकास नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर से जुड़ा एक व्यापक प्रयास है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत इस परियोजना से इंदौर में 24×7 जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें इंदौर शहर की भविष्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त 400 एम.एल.डी. जलापूर्ति सुनिश्चित की जावेगी।

**39 किलोमीटर लंबी ग्रेविटीमेन पाइपलाइन से शहर के विभिन्न हिस्सों तक जल पहुंचाया जाएगा**

परियोजना के पैकेज-2 के अंतर्गत वांचू पाईन्ट से राऊ सर्कल तक 2235 मिमी व्यास की लगभग 39 किलोमीटर लंबी ग्रेविटीमेन पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा, जो शहर के विभिन्न हिस्सों तक जल को सुचारू रूप से पहुंचाने का कार्य करेगी। इसके साथ ही 3 प्रमुख स्थानों पर लगभग 2870 मीटर लंबाई में आधुनिक तकनीक से टनल निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राऊ सर्कल पर क्लोरिनेशन सिस्टम की स्थापना कर जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस पैकेज की लागत रू. 448.23 करोड़ है तथा कार्य 30 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है।

**पैकेज-3 व 4 में होगा 40 नई टंकियों का निर्माण, 1600 किमी से अधिक लाईन बिछायी जाएगी**

पैकेज-3 और 4 के तहत शहर की जल वितरण व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत किया जाएगा। 40 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, 76 पुराने टैंकों का उन्नयन होगा। पैकेज-3 के अंतर्गत 15 से 35 लाख लीटर क्षमता के 20 नए ओवरहेड टैंक का




निर्माण किया जाएगा तथा 29 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन टैंकों को जोड़ने के लिए 400 से 600 मिमी व्यास की लगभग 27.4 किलोमीटर लंबी फीडर पाइपलाइन तथा 1200 मिमी व्यास की 4.7 किलोमीटर ग्रेविटी मेन लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लगभग 685 किलोमीटर की डिस्ट्रीब्यूशन लाईन बिछाने का कार्य किया जाएगा, जिसमें डीआई एवं एचडीपीई पाइपलाइन शामिल होंगी।

पैकेज-4 के अंतर्गत भी 20 नए ओवरहेड टैंक का निर्माण तथा 46 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही 400 से 700 मिमी व्यास की लगभग 25.82 किलोमीटर लंबी फीडर लाइन विकसित की जाएगी और लगभग 892 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

**करीब 2.47 लाख नए घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे**

पैकेज-3 के अंतर्गत लगभग 1 लाख 26 हजार घरेलू जल संयोजन दिये जाने का कार्य किया जायेगा तथा 1 लाख 8 हजार से अधिक वाटर मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे 24×7 दबावयुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस पैकेज की लागत 410.50 करोड़ रुपए है तथा कार्य 36 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है। पैकेज-4 के माध्यम से लगभग 1 लाख 21 हजार घरेलू जल संयोजन दिये जाने का कार्य किया जायेगा तथा 1 लाख 62 हजार से अधिक वाटर मीटर लगाए जाएंगे, जिससे जल वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं स्मार्ट बनाया जा सके। इस पैकेज की लागत 497.23 करोड़ रुपए है तथा कार्य 36 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है।

**स्मार्ट सिस्टम से होगी 24/7 जलापूर्ति**

परियोजना SCADA आधारित स्मार्ट मॉनिटरिंग, एनआरडब्लूय नियंत्रण और डीएमए तकनीक को शामिल किया गया है। इससे जल वितरण पर रियल टाइम निगरानी रखी जा सकेगी और लीकेज व पानी की बर्बादी पर नियंत्रण होगा।

**29 गांवों तक पहुंचेगा नर्मदा जल**

इस योजना के तहत शहर के साथ-साथ आसपास के 29 ग्रामों रेवती, बरदरी, भौरांसला, कुमेडी, शक्करखेडी, अरण्डिया, मायाखेडी, बिचैली हप्सी, पत्थर मुण्डला, पालदा, कैलोद करताल, छोटा बांगड़दा, निहालपुर मुण्डी, बड़ा बांगड़दा, पालाखेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे ग्रामीण और शहरी विस्तार क्षेत्रों को समान रूप से लाभ मिलेगा।

**यहां बनेगी 40 नई टंकियां**

पैकेज-3 के अंतर्गत 20 नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पुराने रजिस्ट्रार ऑफिस के गार्डन में, खालसा चैक-आयडीए गार्डन, लवकुश विहार, निरंजनपुर मंडी, कबीट खेड़ी, रेवेन्यु नगर, ट्रेजर टाऊन, कावेरी परिसर, केलोद करताल, लिंबोदी टैंक, पालदा इंडस्ट्रीज एरिया, आरटीओ पत्थर मुंडला, ओमेक्स हिल, देवगुराड़िया, कुमेठी, पंचवटी कॉलोनी, अरंडिया, मायाखेड़ी, शक्करखेड़ी, रेवती में टंकियों का निर्माण होगा। वही पैकेज-4 में 20 नई पानी की टंकियों का निर्माण होगा, जिसमें सांई गंगौत्री, लक्ष्मीबाई मंडी, एकेवीएन कैंपस, मैकेनिक नगर, पीयू 4 गार्डन, विजय नगर, सयाजी होटल के पीछे, हाट बाजार के सामने कंचनबाग, महल कचहरी, शिवाजी नगर, कलेक्टोरेट पॉर्क, नमक गोदाम, विश्वकर्मा नगर, हवा बंगला, छोटा बांगड़दा, विघा पैलेस, गांधी नगर, शिव सिटी, अहीरखेड़ी, बुध्द नगर में टंकियों का निर्माण होगा।

# हाथीपाला में हुए हत्याकांड का आरोपी चंद घण्टों में पुलिस थाना रावजी बाजार इंदौर की गिरफ्त में

राजेश पिल्लै

**इंदौर। पुलिस थाना रावजी बाजार पर फरियादी मुख्तियार अहमद उर्फ भूरू पिता नूर अहमद अंसारी उर्फ कल्लू उम्र 43 वर्ष पता म.नं. 07, गली नम्बर 04 पठान मोहल्ला द्वारा आरोपी मोह. अरबाज नि. चम्पाबाग इंदौर के विरूद्ध चाकू से हमला करने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 97/2026 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।**

उक्त घटना की सूचना मिलने पर रावजी बाजार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल फिरोज को उपचार के लिए एम. वाय. अस्पताल रवाना किया। अस्पताल में डाक्टरो ने फिरोज को चेक कर अधिक खून बह जाने के कारण मृत घोषित कर दिया। पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देशों के तारतम्य में डीसीपी ज़ोन-04 के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर एफएसएल टीम की उपस्थिति में घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमो का गठन कर रवाना किया गया।

पुलिस को अपराध के अनुसंधान के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी अरबाज की मृतक फिरोज अंसारी से करीब 10-12 साल पुरानी दोस्ती है। दोस्ती के चलते ही आरोपी ने मृतक को कुछ रूपये उधार दिए थे जिन्हे लंबे समय से मृतक वापस नही कर रहा था। दिनांक 26.03.2026 को रात्रि करीब 21.15 बजे मृतक फिरोज आरोपी अरबाज को हाथीपाला चौराहे के पास मिला और अरबाज ने उससे अपने दिए गए रूपये वापस देने के लिए कहा जिस पर मृतक फिरोज द्वारा आरोपी को पैसे देने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनो के बीच कहा सुनी होने लगी तथा विवाद बढ़ने पर आरोपी अरवाज ने फिरोज के पैरो पर जाँघ के पास चाकू से मार दिया और वहाँ से भाग गया। आरोपी के इस प्राणघातक हमले के कारण ही फिरोज की मृत्यु हो गई



थाना रावजी बाजार के पुलिस बल द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं आरोपी अरबाज के संबंध में आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई की आरोपी बाहर भागने की फिराक में रेलवे पटरी के आसपास घूमता देखा गया है जिसे रावजी बाजार पुलिस की टीमो द्वारा घेराबंदी की गई जो पुलिस को देखकर रेलवे पटरियो पर भागने लगा, भागने के दौरान रेलवे पटरी पर गिरने से आरोपी अरबाज के पैर में चोट आई है।

आरोपी मोह. अरबाज नि. चम्पाबाग इंदौर को गिरफ्तार किया गया है जिससे घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी अरबाज के विरूद्ध पूर्व में थाना छोटी ग्वालटोली में 25 आर्म्स एक्ट का अपराध भी पंजीबद्ध है।

**गिरफ्तार आरोपी**–मोहम्मद अरबाज नि. चम्पाबाग इंदौर पुलिस टीम :-उक्त कार्यवाही को थाना प्रभारी रावजी बाजार निरी उमेश यादव, उनि. रामकुमार रघुवंशी, उनि. प्रेम सिंह, उनि. सुरेन्द्र, प्रआर. 1609 मुकेश गायकवाड़, प्रआर. 2487 धर्मेन्द्र कुशवाह, आर.3629 रामलखन एवं तकनीकी शाखा झोन-04 आर. अरविन्द की सरहानीय भूमिका रही।

# बाग में धूमधाम और उत्साह से मनाया गया श्रीराम जी का प्रकटोत्सव

**बाग।** विराट नगर बाग मे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के मनाया गया। शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के साथ और भी अधिक आकर्षण रूप धारण कर लेत है। जब भगवन श्रीराम नगर के मंदिरो में 12 बजे आरती का आयोजन कर महोत्सव मनाया गया। नगर के नरसिंह मंदिर, राम मंदिर, परसाई मंदिर सहित अनेको मंदिरों में मनाया गया। तब ऐसा लगता है जैसे प्राचीन अयोध्या बन गई हो। जैसे दिन के 12 बजते है वैसे आम क्या खास सभी की नजरे सिर्फ और सिर्फ मंदिर में विराजमान श्री राम लला की एक अलकपने को बेकरार हो जाते है। मंदिर के गर्भगृह का जैसे ही पर्दा खुला लोग भगवान की नयनाभिराम छवि को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। समूचा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में महिलाओं के लिए कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव के दो नए पद

राजेश पिल्लै

**इंदौर। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कार्यकारिणी में महिला आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने भी चार नए पद आरक्षित करने का निर्णय लिया है। इसमें कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव के दो नए पद सृजित किए जाएंगे जबकि दो पद कार्यकारिणी सदस्य के लिए रहेंगे।**

इस संबंध मे हाई कोर्ट रजिस्ट्राट द्वारा मांगी गई जानकारी के मुताबिक हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा उक्त जानकारी कल शाम प्रेषित कर दी गई। बार अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि वर्तमान में कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव के पद हाई कोर्ट बार में नहीं है, इसलिए इनका सृजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हाई कोर्ट बार में कुल करीब 6 हजार सदस्यों में से 1165 महिला वकील सदस्य है। इधर कल इंदौर अभिभाषक संघ में भी कोषाध्यक्ष का पद एवं कार्यकारिणी सदस्य के तीन पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित करने पर सहमति हुई है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बार एसोसिएशन में महिलाओं को तीस प्रतिशत आरक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसी के चलते स्टेट बार काउंसिल के आगामी 12 मई को होने जा रहे 25 सदस्यो के चुनाव में 7 पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित किए गए है।

# अनुसूचित क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री पर प्रतिबंध, डीजे लाउडस्पीकर पर नियंत्रण सहित मांगों को लेकर BPMM ने SDM को सौंपा ज्ञापन



जुबेर अहमद

**धरियावद।** अनुसूचित क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री,परिवहन एवं भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने,डीजे लाउडस्पीकर पर नियंत्रण सुनिश्चित करने, भारतीय न्याय संहिता 2023 सहित प्रचलित विधि प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई करने तथा आदिवासी परंपराओं की विधि सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी धरियावद को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान अनुसूचित क्षेत्र आरक्षण ब्लॉक संयोजक मनीष बरोड़ ने बताया कि क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी जो कि भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र के निवासी है।

वर्तमान में क्षेत्र में व्याप्त अवैध गतिविधियों एवं प्रशासनिक संतुलन के कारण गंभीर रूप से प्रभावित है।

बताया कि क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के अंग्रेजी शराब का अवैध विक्रय परिवहन एवं भंडारण निरंतर एवं संगठित रूप से संचालित किया जा रहा है।

साथ ही विवाह,जुलूस एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में डीजे लाउडस्पीकर का अनियंत्रित उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

वही आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के नाम पर गरीब आदिवासी परिवारों के विरुद्ध चयनात्मक एवं दंडनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

बताया कि सात दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समस्त जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की रहेगी।

ज्ञापन में अनुसूचित क्षेत्र आरक्षण ब्लॉक संयोजक मनीष बरोड़,विद्यार्थी मोर्चा ब्लॉक संयोजक भेरू बरोड़ एवं भेरूलाल मीणा मात्र तीन सदस्यों की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया।


## कार्यालय नगर परिषद् गरोठ, जिला मन्दसौर म.प्र.

क्रमांक/742/ई-टेण्डरिंग/2026 | गरोठ, दिनांक 24/03/2026

## निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026 _UAD_ 493506_1 Date 24.03.2026 | वार्ड क्रमांक 05. 07 गांधी चौक से सदर बाजार तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य | 2956803 3 Month | 5000/- 29570/- | 24.04.2006 |
| 2 | 2026_UAD_ 493507_1 Date 24.03.2026 | वार्ड क्रमांक 09 अशोक बैरागी के मकान से बोलिया रोड तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य | 3747927 3 Month | 5000/- 37480- | 24.04.2006 |
| 3 | 2026_UAD 493508_1 Date 24.03.2026 | वार्ड क्रमांक 07 को विभिन्न गालियों में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य | 2764621 3 Month | 2000/- 27650/- | 24.04.2006 |

**निविदा शर्ते**

01. समस्त निर्माण कार्य नर्मदा बनास नदी रेती (बालु रेती) में करना होगा। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http//mptenders.gov.in को वेवसाइड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
02. ठेकेदार को भुगतान निकाय की वित्तीय स्थिति के आधार पर किया जावेगा।

(गिरिश शर्मा)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् गरोठ

(सतीश गुजराती)
सभापति
लोक निर्माण, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग

(महेश मालवीय)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद्
गरोठ

(राजेश सेठिया)
अध्यक्ष
नगर परिषद्
गरोठ

# गोठड़ा माताजी की भविष्यवाणी 2026-प्रकृति का प्रकोप, राजनीतिक उथल-पुथल और खेती-बाजार का भविष्य

**गिरधारीलाल गेहलोत**

**खाचरोद। मालवा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोठड़ा माताजी के दरबार से वर्ष 2026 के लिए वार्षिक भविष्यवाणियां जारी कर दी गई हैं। इन भविष्यवाणियों में आने वाले समय को चुनौतियों और बदलावों से भरा बताया गया है। प्राकृतिक आपदाओं से लेकर वैश्विक युद्ध के संकट तक, माताजी की वाणी ने भक्तों और किसानों के बीच गहरी चर्चा छेड़ दी है।**





1. प्राकृतिक आपदाएं-अग्नि, भूकंप और मौसम का मिजाज भविष्यवाणी के अनुसार, इस वर्ष अग्नि तत्व का भारी प्रकोप रहेगा। बिना किसी स्पष्ट कारण के स्वतः आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। वहीं, मौसम की अनिश्चितता किसानों की चिंता बढ़ा सकती है-

वर्षा चक्र-वैशाख और भादवा के महीने में अच्छी वर्षा के संकेत हैं, लेकिन सावन के महीने में बारिश की कमी रह सकती है। सर्दी में संकट-पौष और माघ के महीने में मावठा (बेमौसम बारिश) और भारी ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है, जो रबी की फसलों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

● भूकंप की चेतावनी-माताजी ने एक बड़े भूकंप की आशंका जताई है, जिससे इमारतों और पहाड़ों को भारी क्षति पहुँचने का डर है।

**2. कृषि और बाजार-फसलों की स्थिति और महंगाई**

● किसानों के लिए मिली-जुली भविष्यवाणियां सामने आई हैं। जहाँ अनाज के भाव अच्छे रहेंगे, वहीं बीमारियां फसलों को घेर सकती हैं।

गेहूं और चने की पैदावार अच्छी रहने की उम्मीद है। हालांकि, सोयाबीन की फसल में अज्ञात बीमारियों का खतरा बना रहेगा।

● लहसुन और प्याज-इन फसलों में कीट या जीवों का प्रकोप होने की संभावना है, लेकिन राहत की बात यह है कि बाज़ार में इनके भाव तेज रहेंगे।

● व्यापार-व्यापारियों के लिए यह साल लाभदायक रहेगा, लेकिन बाजार में वस्तुओं की कीमतें आसमान छू सकती हैं।

**3. स्वास्थ्य और पशुधन पर संकट**

● आने वाला समय स्वास्थ्य के नजरिए से काफी संवेदनशील बताया गया है। भविष्यवाणी के अनुसार-

● वैशाख से आषाढ़ और फिर कार्तिक मास में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं।

● इंसानों के साथ-साथ पशुधन (गाय और भैंस) पर भी महामारी का खतरा मंडरा रहा है, जिससे पशुपालकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

**4. राजनीति और वैश्विक तनाव-महाभारत और बम धमाका**

● राजनीतिक गलियारों और वैश्विक स्तर पर इस साल भारी उथल-पुथल के संकेत है।

● सत्ता में धमाचौकड़ी-राजनीति में बड़े उलटफेर और तनाव की स्थिति बनी रहेगी। शासन-प्रशासन में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

● विश्व युद्ध-वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्धों के थमने के आसार कम हैं। भविष्यवाणी में एक शक्तिशाली बम धमाके या बड़ी सैन्य घटना का जिक्र किया गया है, जो दुनिया को चौंका सकता है।

**5. धार्मिक उपाय और महत्वपूर्ण निर्देश**

● माताजी ने भक्तों को संकटों से बचने के लिए अध्यात्म का सहारा लेने की सलाह दी है।

● विशेष मुहूर्त-कृषि कार्यों और बोवनी के लिए तेरस मंगलवार (दोपहर 2.30 से शाम 7.00 बजे तक) का मुहूर्त श्रेष्ठ बताया गया है।

● सावधानी-इस अवधि में ट्रैक्टर या नई मशीनरी खरीदने से बचने की सलाह दी गई है।

● उपाय-क्षेत्र की सुख-शांति के लिए हवन, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान करने पर जोर दिया गया है। साथ ही गौ-रक्षा और बेटियों की सुरक्षा को समाज की प्राथमिकता बताया गया है।

## गांधीनगर श्री सीता काली माताजी मंदिर में चैत्र नवरात्र की नवमी पर हुआ भव्य हवन, भक्त रहे मौजूद

**जुबेर अहमद**

**धरियावद। गांधीनगर स्थित श्री सीता काली माताजी मंदिर में चैत्र मास की नवरात्रि के पूरे नौ दिनों के पश्चात नवमी को माता रानी के सम्मुख हुआ भव्य हवन। इस दौरान भक्तों ने विश्व शांति हेतु इस हवन में आहुतियां लगाई।**



जिसमें मुख्य यजमान पवन माहेश्वरी परिवार ने भाग लिया। इस चैत्र नवरात्रि के चलते प्रथम दिन से ही रोजाना माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया।

श्री कल्लाजी संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंदिर के सेवक गिरवरदास वैष्णव के द्वारा श्री कल्लाजी राठौड़ व गातोड़ जी महाराज का अद्भुत श्रंगार नो दिनों तक किया गया। इन दिनों रोजाना कल्याण भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की व दोपहर में श्री 1008 श्री कल्लाजी राठौड़ सरकार का आह्वान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी भक्तों द्वारा अष्टमी को रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन किए गए। नवमी की सुबह पूजन पाठ कर ठीक 12.15 बजे हवन शुरू हुआ। श्री राठौड़ सरकार का आह्वान कर उनके कमलों द्वारा व सभी भक्तों के द्वारा 101 श्रीफल की आहुति देकर ठीक 4.35 बजे पूर्णाहुति की गई। ततपश्चात माता रानी की महाआरती की गई व गौ माता पूजन, कन्या पूजन कर समस्त देवी देवताओं को भोग धराया गया। स्थानीय भक्तों द्वारा व विभिन्न क्षेत्रों से पधारे भक्तों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। नवरात्रि के समस्त आयोजन महंत लक्ष्मणदास महाराज के सानिध्य में आयोजित किए गए।

## विधायक श्याम बर्डे का जोगवाड़ा दौरा, समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

**(साजिद राजधानी)**

**सेंधवा। चाटली मंडल के जोगवाड़ा गांव में जनप्रिय विधायक श्याम बर्डे के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्रामीणों ने माल फलिया में बिजली और पानी की समस्या बताई, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।**



विधायक ने माल फलिया में बूथ अध्यक्ष कालूराम सैनानी के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। इसके बाद जोगवाड़ा फलिया में विधायक निधि से निर्मित 24 घंटे बिजली की डीपी का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

मुख्यालय लौटते समय विधायक की नजर एक गरीब व्यक्ति पर पड़ी, जो झोपड़ी में भोजन बना रहा था। विधायक ने मौके पर रुककर उसकी स्थिति जानी और 5000 की सहायता प्रदान की।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रफुल्ल पाटीदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला ट्वीटर प्रभारी अजहर मंसूरी, वरिष्ट नेता राजू रावत, गंगाराम सैनानी, जनपद सदस्य भुरू तारोले, सरपंच कैलाश रावत, पुर्व सरपंच कुंवरसिंह सैनानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंदौर में सट्टे पर बड़ी कार्रवाई-एरोड्रम पुलिस ने सिंगापुर सिटी में छापा मारकर 9 आरोपियों को दबोचा, लाखों का हिसाब-किताब, 11 मोबाइल और कैलकुलेटर जब्त

**इंदौर। एरोड्रम थाना थाना पुलिस ने थाना छेत्र की सिंगापुर सिटी में एक माकन पर दबिश देकर वह सट्टा खा रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया हे मोके से पुलिस ने लाखो रूपए की सट्टा पर्ची 11 मोबाईल फोन्स 7 केल्कुलेटर और 15 हजार रूपए नगद बरामद किये है सभी आरोपियों पर पुलिस ने सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।**

दरअसल इंदौर की एरोड्रम पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी की एक आरोपी सट्टा चला रहा हे मुखबिर की सुचना पर पुलिस टीम ने सुविधि नगर से सट्टा लेते हुए आशीष को पकडा पूछताछ में आरोपी ने बताया की वह महेश तिरोले निवासी सिंगापुर सीटी सुपर कारिडोर के कहने पर सट्टा लेता है बाद आशीष के बताये अनुसार महेश तिरोले के घर सिंगापुर सीटी पर पुलिस ने दबिश देते मौके पर 07 व्यक्ति मोबाईल पर सट्टा लेते व लिखते मिले। जिन्हे पुलिस व्दारा घेराबंदी कर पकड़ा जिनके नाम रितेश, योगेश, शेखर, पंकज, दिनेश, प्रदीप और महेश बताया जिनके पास लाखो रुपये का हिसाब कल्याण के सट्टे का मिला व 11 मोबाईल फोन 07 केलकुलेटर नगदी 15 हजार रुपये मिले आरोपियो से पुछताछ में बताया की वो शिवराम रघुवंशी निवासी कुशवाह नगर के व्दारा कमीशन पर सट्टा लेते हे जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शिवराम को कुशवाह नगर बाणगंगा से पकडा जिसके कब्जे से सट्टा अंक पर्चिया एक मोबाईल फोन व नगदी 1200 रुपये जप्त किये गये सभी आरोपियो के विरुध्द धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत दर्ज कर पूछताछ शुरू की।



## शाश्वती ओली दुख को हरने वाली है

**पंकज गोस्वामी**

राणापुर। चैत्र माह में आने वाली ओली जी की तपस्या शाश्वत कहलाती है। इसे करने वाला आत्मिक सुख ओर आरोग्य पूर्ण जीवन व्यतीत करता है। श्रीपाल राजा को जब कोड की बीमारी ने घेर लिया तब मयना सुंदरी ने सिद्धचक्र का विधान करते हुए आयंबिल तप कर गंधोदक का छीटकाव किया तो श्रीपाल राजा का कोड रोग दूर हो गया। उक्त बात साध्वी आर्यानिधि जी ने रास का वाचन करते हुए कही। पूज्य साध्वी शशिकला श्रीजी की सुशिष्या साध्वी अनंतकला श्री ओर साध्वी मयूरकला श्रीजी की आज्ञानुवृति साध्वी श्री दीपनिधि श्रीजी, साध्वी धन्यनिधि जी ओर साध्वी आर्यानिधि श्री जी शाश्वती ओली,महावीर जन्म कल्याणक ओर पूर्णिमा आराधना करवाने के लिए राजेंद्र भवन में स्थिरता किए हुए है।



इस नो दिन की तपस्या में अलुने भोजन का एक समय आहार किया जाता है। दो समय प्रतिक्रमण, तीन समय देव वंदन ओर 20 स्वस्तिक ओर बीस माला गिनना अनिवार्य है नो दिनों में आयंबिल तप करते हुए अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु ओर दर्शन जान चरित्र की उपासना की जाती है।

शुभारम्भ ।। श्री गणेशाय नमः ।। शुभारम्भ

# भव्य शुभारम्भ

मां उमिया की असीम कृपा से हमारे यहां शुभ प्रसंग आया है

हमारे नवीन प्रतिष्ठान

# श्री महालक्ष्मी इंटरप्राईजेस

**Electric Vehicle Seller**


**दिनांक : 29 मार्च 2026, रविवार**

**समय : दोप. 02 बजे**

**स्थान : 11 शुक्ला मार्केट (दिया गार्डन के पास) केट रोड़, राऊ**
















मुख्य अतिथि -

श्री कृष्णकांत पटेल

अध्यक्ष म.प्र. पाटीदार समाज संगठन

श्री मनोहर जी पाटीदार

संयोजक पाटीदार समाज इंदौर महानगर

श्री बाबूलाल जी चौधरी (बाबू मामा)

समाजसेवी

श्रीमती पप्पी विजय जी पाटीदार

अध्यक्ष नगर परिषद राऊ

श्री शिवनारायण जी डिंगू

पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद राऊ

श्री राजेश जी पटेल

अध्यक्ष राऊ नगर कांग्रेस

**सहयोगी प्रतिष्ठान**
संजय पाटीदार (पत्रकार)
पाटीदार न्यूज एजेंसी
राऊ, सिलीकान सिटी, महू, इंदौर

**विनीत**
राजेश पाटीदार (पाण्डे)
श्रीमती द्रोपती राजेश पाण्डे
शुभम पाटीदार

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।